A-4
20/9/23 DDEE

संख्याः शिक्षा–एच (प्रा0) (6)4–3/2022(मेधावी)
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय
हिमाचल प्रदेश।

दिनांक शिमला –171001 सितम्बर, 2023

सेवा में,

समस्त उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, कांगड़ा स्थित धर्मशाला
हिमाचल प्रदेश।

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय हि.प्र.
14 SEP 2023
शिमला–1

विषयः– **विद्यार्थियों के आधार कार्ड के अद्यनीकरण (updation) बारे।**

महोदय,

अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों हेतु संचालित छात्रवृत्ति योजना (केन्द्रीय प्रायोजित) के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2022–23 में जिन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाना प्रस्तावित था उनकी बायोमिट्रिक आथेंटिकेशन की प्रक्रिया के दौरान पाया गया कि अधिकतर विद्यार्थियों के आधार कार्ड पर सम्बद्ध सूचना का विद्यार्थियों अथवा उनके अभिभावकों द्वारा अद्यतनीकरण (updation) नहीं करवाया गया है। बायोमिट्रिक आथेंटिकेशन की प्रक्रिया के दौरान अधिकतर पात्र विद्यार्थियों के फिंगर प्रिंट (finger print) अथवा जन्म तिथि से जुड़ी सूचना आधार अद्यतनीकरण न होने के कारण मैच नहीं हुए। ऐसी स्थिति में बहुत से पात्र विद्यार्थियों/प्रस्तावित लाभार्थी या तो छात्रवृत्ति लाभ से वंचित रह गये या देय छात्रवृत्ति लाभ (विशेषकर केन्द्रीय प्रायोजित छात्रवृत्ति) के अन्तर्गत आबंटन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कुछ मामलों में यह भी पाया गया है कि विद्यार्थी अथवा उनके अभिभावक बार–बार मांगे जाने के बावजूद भी आधार से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं।

अतः समस्त उप निदेशकों (प्रा0शि0) को निर्देश दिये जाते हैं कि वह विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से सम्बन्धित मांग प्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रस्तावित लाभार्थियों की आधार संख्या स्पष्ट तौर पर अंकित की गई हो तथा आधार से सम्बद्ध सूचना अद्यतनीकृत (updated) हो। समस्त उप निदेशक अपने अधीन सभी विद्यालय प्रभारियों को दिशा निर्देश जारी करें कि वह इस बारे स्पष्ट सूचना सम्बन्धित विद्यालय के सूचना पटल पर अंकित करें कि आधार संख्या उपलब्ध न होने की स्थिति में विद्यार्थी छात्रवृत्ति लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं होगा।

Dy. Director of
Elementary Education
23 SEP 2023
Dispach No. 6020
Dharamshala

अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)
प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001

3240
21/09/23

Endst:-No-A-4- Dated Dharamshala -176215 - 23/09/23

Copy to:-
All the Principals, Headmaster, BEEOs of Distt Kangra with the direction to go through the contents of the Letter and do the needful.

23/09/2023